### सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने कर दिखाया कमाल 10 वीं में 83.7 प्रतिशत, तो 12 वीं में 84.1 प्रतिशत रहा शासकीय स्कूलों का परिणाम

# किसान के बेटे हरिओम ने कृषि संकाय में प्रदेश में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाडा



कहते है सफलता सिर्फ मेहनत की मोहताज होती है। लगन और सच्चे दिल की गई मेहनत एक दिन रंग जरूर लाती है। विपरीत परिस्थितयों में कमल खिले तो जिले के हर नागरिक को गौरांवित तो होना ही होगा। ऐसे ही गौरव के क्षण उस समय देखने को मिले जब बारहवीं के कृषि संकाय के छात्र हरिओम साहू ने प्रदेश में टॉप कर जिले को गौरांवित कर दिया। इस वर्ष ऐतहासिक बढ़ोत्तरी के साथ दसवीं और बारहवीं के रिजल्ट से चरमराई हुई शिक्षण व्यवस्था को बल मिला है। जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर की मेहनत से प्रदेश में छिंदवाड़ा को सम्मानजनक स्थान प्राप्त हुआ है।

जिले के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आज साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और क्षमता के मामले में वे किसी से कम नहीं हैं। जिले में पहली बार शिक्षा के क्षेत्र में इतना सकारात्मक वातावरण देखने को मिल रहा है। जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी पीछे कर दिया है। तो वहीं कई बच्चों ने प्रदेश की मेरिट सूची में भी जगह बनाने में सफलता पाई है। यह सब शिक्षा की बेहतरी के लिए कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा सत्र की शुरुआत से ही किए गए प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की क्षमताओं पर शुरुआत से ही पूरा भरोसा किया और समय समय पर उन्हें प्रेरित कर ऊर्जा का एक ऐसा संचार किया, जिसके परिणाम अप्रत्याशित हैं। राज्य स्तर से आज घोषित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में जिले के सभी स्कूलों को मिलाकर कक्षा 10 वी का परिणाम 80.9 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं का 81.5 प्रतिशत रहा है, जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक है।जबकि शासकीय स्कूलों का परिणाम प्राइवेट स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए कक्षा 10 वी में 83.7 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं में 81.5 प्रतिशत रहा है। गत वर्ष कक्षा 10 में 8035 विद्यार्थी और कक्षा 12 में 8415 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या क्रमशः 12402 और 10325 है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा को मिलाकर कक्षा 10 के 8 विद्यार्थी और कक्षा 12 के 7 विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहे हैं, जबकि गत वर्ष 10 वी में प्रदेश मेरिट सूची में जिले का कोई भी विद्यार्थी शामिल नहीं हो सका था। प्रदेश स्तर से जिले की मेरिट लिस्ट भी जारी की गई है, जिसमें कक्षा 10 के 14 और कक्षा 12 के 13 विद्यार्थी शामिल हैं। जिले की इस उपलब्धि पर जिले में खुशी का माहौल है और शासकीय स्कूलों के शिक्षक गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद कलेक्टर श्री सिंह ने सभी टॉपर्स बच्चों और शिक्षा विभाग व जनजातीय कार्य विभाग की पूरी टीम से सभाकक्ष में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भूरि भूरि सराहना की और उनकी पीठ थपथपाई। सभी टॉपर्स विद्यार्थियों का पुष्प गुच्छ से सम्मान भी किया गया।

## कलेक्टर ने प्राचार्य सहित पूरी टीम को दी बधाई

जिले के सरकारी स्कूलोंमें शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा की गई पहल के आज सकारात्मक एवं उल्लखेनीय परिणाम सामने आए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारियों ने एक एक विद्यालय को गोद लिया था और समय समय पर औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए गए। आज घोषित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन से इन प्रयासों की सफलता स्पष्ट देखी जा सकती है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वयं छिंदवाड़ा नगर के शासकीय स्कूल चन्दनगांव को गोद लिया है। खुद जाकर कक्षाएं लीं, प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। स्कूल परिसर का कायाकल्प किया और विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया। जिसके परिणाम स्वरूप बोर्ड परीक्षाओं में कलेक्टर के गोद लिए स्कूल ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 93.04 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 78 प्रतिशत रहा। विद्यालय में अध्ययनरत बालगृह के एक बालक ने कक्षा 10 में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परिवार विहीन इस बालक की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए निश्चित ही प्रेरणा है। इसी तरह कक्षा 12 में कृषि संकाय से मुस्कान मंडराह, कला संकाय में माही मंडराह, कॉमर्स में सेजल मोहबे, गणित में वंशिका कवरेती और बायो में हर्षित कराड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि गणित में इस वर्ष प्रथम स्थान पाने वाली वंशिका पिछले वर्ष फेल हो गई थीं, लेकिन कलेक्टर, माता पिता और शिक्षकों की प्रेरणा से वे फिर से गंभीर हुईं और इस वर्ष स्कूल में प्रथम रहीं। हर्षित कराड़े वेट लिफ्टिंग में स्टेट चैंपियन भी हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया है कि खेल खुद के साथ पढ़ाई भी अच्छे से की जा सकती है। परिणाम घोषित होने के उपरांत कलेक्टर श्री सिंह से मिलने आज चंदनगांव विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैली यादव और सभी शिक्षक गण टॉपर विद्यार्थियों के साथ मिनी सभाकक्ष पहुंचे और शील्ड प्रदाय कर कलेक्टर सिंह की इस प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने भी पूरे विद्यालय परिवार की सराहना की और सभी टॉपर बच्चों का मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी एस बघेल भी मौजूद थे।

## जिला स्तर पर कक्षा दसवीं की परीक्षा में अव्वल विद्यार्थियों की सूची

1. जय श्री जुनकर गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पांढुरना - 490 अंक
2. प्रज्ञा भायदे उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा -490 अंक
3. मुस्कान यादव- ग्लोबल इन्नोवेटिव स्कूल-489 अंक
4. दिशा साहू हायर सेकेंडरी स्कूल बनगांव -489 अंक
5. अथर्व वाडेकर- शासकीय नोनिया करवल स्कूल -489 अंक
6. सूर्यांश राय - शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चौरई -489 अंक
7.लक्षिका करडेट gaysons पब्लिक स्कूल पांढुरना-488 अंक
8. तनिष्क पटेल - राजराजेश्वरी पब्लिक स्कूल घोड़ाबाड़ी छिंदवाड़ा -488 अंक
9 कनिका चौरिया - ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चाँद -488 अंक
10 हर्षिता साहू -ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चाँद -488 अंक
11.रिदा अंजुम - विडसम पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल परासिया-488 अंक
12. वंशिका चौरसिया - नोनिया करबल स्कूल छिंदवाड़ा -488 अंक
13. श्रेया थापा- हायर सेकेंडरी स्कूल पांढुरना -488 अंक

## कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिला स्तर पर अव्वल विद्यार्थियों की सूची

1. आरज़ू कुरैशी, गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल दमुआ -470 अंक
2. अंकित वर्मा, गवर्नमेंट बॉयज़ हायर सेकंडरी स्कूल चौरई -468 अंक
3. सोनिका अमरवाड़ा स्कूल -468 अंक
4. वैष्णवी सरेआम- गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी पांढुरना -473 अंक
5. श्रद्धा बारापात्रे - उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा-472 अंक
6. प्रियांशी पवार - हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल, परासिया-470 अंक
7. ज्योति सोनी, ब्राइट कैरियर हाई स्कूल अमरवाड़ा,470 अंक
8. विशाल डेहरिया, भगवान श्री चंद पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा, 472 अंक
9. आयुष अग्रवाल, हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल, परासिया,471 अंक
10. तन्वी साहू, उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा,471 अंक
11. निधि डोंगरे,477 अंक प्रथम

## कक्षा दसवीं की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर अव्वल विद्यार्थियों की सूची

1. पूर्णिमा बैंकर - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोड़ावाड़ी -495 अंक
2. पीयूष बरसे, राजराजेश्वरी स्कूल घोड़ावाड़ी, 494 अंक
3. नैंसी रघुवंशी ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चाँद, 493 अंक
4. खुशी डेहरिया राजराजेश्वरी स्कूल घोड़ावाड़ी-492 अंक
5. पूजा सोनी ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चाँद, 492 अंक
6. जयंत गढ़वाल -ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चाँद, 492 अंक
7. चेतना नागरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंग बिहरी,492 अंक
8. भूमेश्वरी कलबंदे- देव संस्कृति पब्लिक हाई स्कूल बोरगांव, 492 अंक

## कुमारी पूर्णिमा बानकर का सुयश

घोडावाड़ी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कक्षा 10 वी की छात्रा कुमारी पूर्णिमा बानकर पिता डीजेन्द्र बानकर निवासी पुरैना खालसा ने कक्षा 10 वी में 500 अंक में से 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में छटवां स्थान प्राप्त किया पूर्णिमा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ चाचा सुनिल बानकर और स्कूल के गुरुजनों को दिया।।

## टॉपर विद्यार्थियों का सांसद कार्यालय में किया गया सम्मान, बारहवीं के टॉपर विद्यार्थी पहुंचे सांसद कार्यालय



छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मंगलवार को भोपाल में दसवीं एवं बारहवीं के रिजल्ट की घोषणा की गई। रिजल्ट आते ही छिंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने प्रदेश सहित जिले की टॉपर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया। जिसमें अमरवाड़ा के विद्यार्थी सबसे आगे रहे। बारहवीं में प्रदेश और जिले में टॉप करने वाले अमरवाड़ा के विद्यार्थियों का सांसद कार्यालय में बधाई और शुभकामनाएं देकर उनका सम्मान करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई गई। इन सभी टॉपर विद्यार्थियों से सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से ही मोबाईल पर बात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि अमरवाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा इन विद्यार्थी एवं उनके पालकों को लेकर सांसद कार्यालय पहुंचे हुए थे। बारहवीं में जिन विद्यार्थियों ने प्रदेश और जिले की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है उनमें कृषि संकाय से प्रदेश में टॉप करने वाले हरिओम पिता सालकराम साहू, प्रदेश में आठवें स्थान पर रहने वाली कला संकाय से श्रेया पिता सिद्धूलाल पिपले, प्रदेश में आठवें स्थान पर रहने वाली कला संकाय से ही शिवानी पिता कैलाश अहिरवार एवं जीव विज्ञान संकाय से जिले में तीसरे स्थान पर रहने वाली ज्योति पिता सतीश सोनी शामिल है। सांसद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों ने सभी विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी साथ ही भविष्य में सांसद बंटी विवेक साहू एवं उनकी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालकों ने उनके बच्चों का सम्मान किये जाने पर सांसद बंटी विवेक साहू सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, जगेन्द्र अल्डक, अरविंद राजपूत, रिजवान कुरैशी,नवीन बारस्कर, अंकुर शुक्ला, रवि मालवी, ओम चौरसिया, लकी पाल,ऋषभ ताम्रकार, अंशुल जैन, चंचल आशु चचडा, सूरज ठाकुर, सचिन जैन, अमित नेमा, सौरभ चौरसिया, सुदेश नागवंशी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### सांसद ने सभी सफल विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

छिंदवाड़ा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से दसवीं एवं बारहवीं के रिजल्ट की घोषणा की। जिसमें ज्ञानदीप स्कूल अमरवाड़ा में कृषि संकाय के छात्र हरिओम साहू ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर कृषि संकाय में पूरे मध्यप्रदेश में टॉप स्थान प्राप्त किया है। जिसकी जानकारी लगते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से ही छात्र हरिओम साहू उनके पिता सालकराम साहू एवं स्कूल के प्राचार्य नरेश सोनी को फोन पर चर्चा कर उनकी ओर से एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने दसवीं एवं बारहवीं के सभी सफल एवं विशेष योग्यता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने हरिओम साहू से चर्चा कर कहा कि उनके द्वारा बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उसके लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहे और जिले व प्रदेश एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने हरिओम के पिता सालकराम साहू से भी चर्चा कर उन्हें भी बधाई देते हुए उनकी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही सांसद श्री साहू ने जिले के अन्य संकायों में विशेष अंक एवं उपलब्धि हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। साथ ही जिन विद्यार्थियों के किसी कारण से कम नंबर आये है उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे आगे की कक्षाओं में और अधिक मेहनत करते हुए अच्छे अंक हासिल करें।

## सिंगोड़ी में दो जुड़वा बहनों ने मारी बाजी

सिंगोड़ीः सिंगोड़ी शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत चांदनी चंद्रवंशी 90, प्रतिशत के साथ प्रथम तो दो जुड़वा बहने सहित पांच छ्त्राएं रही कक्षा दसवीं में अव्वल। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी निवासी दो जुड़वा बहनों की चर्चा परीक्षा परिणाम आने के बाद ज्यादा रही। जहां बड़ी बहन आरती बंशकार कक्षा 10 वी 88 प्रतिशत तो छोटी बहन पूजा वंशकार कक्षा 10 वी 89 प्रतिशत अंक लाकर शासकीय स्कूल का गौरव बढ़ाया। वही छात्रों के मामा पवन विशोपिया ने बताया की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी अच्छी शिक्षा हासिल करने की जिद लेकर आरती और पूजा वंशकार सिंगोड़ी शासकीय हाई स्कूल में पढ़ रही है आरती वंशकार ने 500 में से 441अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत और पूजा वंशकार ने 500 अंक में से 447 अंक प्राप्त कर 89%. प्रतिशत कक्षा दसवीं में बनाई है। दोनों बहनों ने अपनी मां मीना वंशकार नाना मक्खन वंशकार तथा मामा प्रमोद वंशकार सहित स्कूल के समस्त शिक्षको का इस कामयाबी के लिए आभार जताया। वही चांदनी चंद्रवंशी 90, पूजा वंशकार 89 आरती बंशकार 88, दीक्षा 82, तथा अकसरा बानो ने 73 अंक कक्षा दसवीं में हासिल किया जिन्हे साथी छात्रों ने बधाई दी।



## जयश्री गणेश जुननकर बनीं 10वीं में छिंदवाडा पांढुर्ना की टॉपर



पांढुर्ना। स्थानीय एमपीएल शासकीय स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा जयश्री गणेश जुननकर 98 प्रतिशत अंक लेकर छिंदवाडा और पांढुर्ना दोनों जिलों में प्रथम स्थान पर है। जयश्री ने बताया कि उसने कोई कोचिंग क्लास नहीं लगाया था। जयश्री ने स्पेस साइंटिस्ट बनने की इच्छा जाहिर की। ज्ञात हो कि छात्रा को 1 अंक कम मिलने से प्रदेश की टॉप टेन सूची में इसका नाम नहीं आ पाया। इसके बाद पांढुर्ना जिले में दूसरे टॉपर के रूप में स्थानीय गेसंस पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्षीता गजानन करदाते और सांदीपनी विद्यालय की छात्रा रेया थापा रही है। इन दोनों छात्राओं ने 97.60 अंक हासिल कर अपनी शाला और परिजनों का नाम रोशन किया है।

## वैष्णवी ने 10वीं में बनाए 92.8 प्रतिशत

बिछुआ - माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मंगलवार को 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया,इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उल्हावाड़ी की 10वीं की छात्रा वैष्णवी पिता विजय सिंह राजपूत ने 92.8 प्रतिशत बनाकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर शाला का नाम रोशन किया।

## बोरगांव की छात्रा भुवनेश्वरी कालबांडे ने पाया प्रदेश में 9 स्थान

सौसर। मंगलवार को सौसर में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की ओर से कक्षा दसवीं और 12 वी का रिजल्ट घोषित किया गया है।दिनभर बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट पाने के लिए छात्र-छात्राएं मोबाइल के साथ ही ऑनलाइन सेंटर पर सक्रिय नजर आए है,अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,देवसंस्कृति पब्लिक हाईस्कूल,बोरगाँव संचालक हर्षल काले ने बताया कि संस्था से कक्षा 10 वी छात्रा कु. भुवनेश्वरी दत्तराज कालबांडे ने संपूर्ण जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश में 9 वा स्थान पर कब्जा कर 492 अंक पाकर 98.4 % प्राप्त कर माता पिता स्कूल ग्राम का नाम रोशन किया है, बोरगांव निवासी छात्रा के माता-पिता किसान है,जिला मुख्यालय पर बालिका का कलेक्टर अजयदेव शर्मा, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया, कक्षा 12वीं में प्रदेश स्तर पर अव्वल जिले में गणित संकाय सोनू हीगवे,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव, 487 अंक प्राप्त किये है,विधायक विजय चौरे, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सहायक शिक्षा संचालक रश्मि कुसरे के द्वारा बोर्ड परीक्षा में प्रदेश जिला स्तर पर सर्वाच्च प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाइयां प्रेषित की है।




### कुड़ड़म की बेटी स्वाति टेकाम ने पाया प्रथम स्थान



शासकीय कन्या उमा विद्यालय सौसर मे बोर्ड परीक्षा प्रभारी कीर्तिसागर बागडे ने बताया कि संस्था का का कक्षा दसवी का कुल परीक्षा परिणाम 76% रहा, जिसमे प्रथम स्थान कु स्वाति टेकाम 85 प्रतिशत,द्वितीय स्थान कु हर्षिता बावने 80 प्रतिशत,तृतीय स्थान कु महिमा चिकटे 78 प्रतिशत प्राप्त किया। बारहवी बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय मे प्रथम कु नंदिनी ठाकरे 76%, द्वितीय स्थान कु रीमा कुमरे 74% ,तृतीय कु मिनाक्षी मरकाम 72% कला संकाय से प्रथम कु खुशी इवनाती67% द्वितीय कु साक्षी सोमकुवर 66% तृतीय कु खुशी गजभीये एवम कु वंदना बन 64% के साथ रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सूर्यकीर्ति काले, के साथ ही शासकीय माध्यमिक शाला कुड़ड़म के स्टाफ की ओर से छात्राओं के उज्जवल भविष्य के कामनाओं के साथ स्वागत सत्कार किया गया है,ग्रामीण क्षेत्र की छात्राये रही लड़को पर भारीफ़ोटो कशिश सोमकुंवरपीपलानारायणवार की ज्ञानोदय ज्ञानपीठ स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है,कक्षा 12वीं में प्रज्ञा ठाकरे 89,6 दीक्षा नाडेकर,86प्रतिशत,दसवीं में सोनम ढोके 91.4,कशिश भीमरावजी सोमकुवर 91.2 प्रीतम डोबारे, 91.2 रहा है,12 वी में प्रज्ञा ठाकरे 89.6 दीक्षा नाडेकर 86% का रहा है।

## शाहीन अंसारी 95.8 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में बनीं टॉपर, दीपा कहार 91.2 अंक लेकर द्वितीय रही




परासिया : हाईस्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ग्राम पंचायत बरारिया स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।शालामें कुल 21 विद्यार्थियों में से16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और पांच विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुए।विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम संतोष जनक रहा। स्कूल की छात्राओं ने फिर एक बार बाजी मारी है,जिसमें शाहीन अंसारी 95.8% अंक लेकर टॉप रही वहीं दीपा कहार,91.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय,स्थान पर रही।आयुष साहू 90.2%,सुनैना कहार 88% ,सागर डेहरिया 87.सागर डेहरिया 87.8 प्रतिशत लेकर हाई स्कूल और ग्राम पंचायत को गोरबंदित किया है।

### बेहतर परिणाम के लिए सरपंच ने की थी घोषणा

हाईस्कूल बरारिया में परीक्षा फल शत प्रतिशत आने में सरपंच मोहन कहार का मार्गदर्शन मिला है, उन्होंने समय-समय पर स्कूल के विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम के लिए प्रेरित किया था।उन्होंने विद्यार्थियों से कहा था कि 93% अंक का रिकॉर्ड तोड़ने वाले विद्यार्थियों को 7000 रुपये नगद पुरस्कार सहित एक दिन सरपंच की कुर्सी देने की बात कही थी। इसी के अनुरूप शाहीन अंसारी ने विगत 10 वर्ष पूर्व के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 95.8 प्रतिशत अंक लाकर ग्राम पंचायत बरारिया को गौरवान्वित किया है। उन्होंने 90 प्लस आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

# बायर मध्यप्रदेश में मानसून मक्का महोत्सव मानसून कॉर्न फेस्टिवल का करेगा आयोजन

छिंदवाड़ा। स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में कार्यरत वैश्विक कंपनी बेयर, मध्य प्रदेश के बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों के गांवों में मक्का की खेती पर केंद्रित किसान कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। इन कार्यशालाओं के जरिए किसानों को मक्का के भोजन, पशुओं के चारे और सतत ईंधन के रूप में महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पहल बेयर के संकल्प को दिखाती है, जो छोटे किसानों को बेहतर पैदावार और अधिक आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रही है।इस पहल पर बात करते हुए, भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में बेयर के क्रॉपसाइंस डिवीजन के क्लस्टर कमर्शियल लीड, मोहन बाबू ने कहा, ₹बेयर में, हम मक्का किसानों को बदलते कृषि परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने में विश्वास करते हैं। खरीफ भारत के कुल मक्का उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मौसम के दौरान पैदावार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। अपनी कार्यशालाओं के माध्यम से, हम उत्पादकों को नवाचार अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने और मक्का मूल्य श्रृंखला की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बना रहे हैं। मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में मक्का उत्पादन का समर्थन करके, बेयर भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है।₹भारत में मक्का (कॉर्न) खेती के लिए बहुत जरूरी फसल है। यह फसल खाने के लिए, जानवरों के चारे के लिए और फैक्ट्रियों में कई चीजें बनाने के लिए इस्तेमाल होती है। मक्का लाखों किसानों की आमदनी का जरिया है और यह देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है। यह फसल हर तरह के मौसम और ज़मीन में उग सकती है, इसलिए यह टिकाऊ खेती के लिए भी अच्छी मानी जाती है। बेयर कंपनी का मकसद है – ₹सबके लिए स्वास्थ्य और किसी को भूखा नहीं रहने देना।₹ (हेल्थ फॉर ऑल, हंगर फॉर नन)। यह उद्देश्य मक्का की ताकत से जुड़ा हुआ है। बेयर किसानों को नई तकनीकें और तरीके सिखा कर उनकी फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद करता है। इससे किसानों की आमदनी भी बढ़ती है और देश के लोगों को अच्छा पोषण और भरपूर खाना मिल पाता है।ये इंटरैक्टिव (संवादात्मक) कार्यशालाएँ किसानों को उन्नत फसल प्रबंधन तकनीकों की पूरी जानकारी देंगी, जिससे उनकी उत्पादकता में सुधार होगा और मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। इसमें कृषि की सर्वोत्तम प्रथाओं का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा।

### क्षेत्र की नदियों का सीना छलनी कर बड़े पैमाने पर की जा रही रेत चोरी

# अवैध रेत के उत्खनन और परिवहन का काला खेल जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेत का गोरख धंधा बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। रेत माफिया छोटी बड़ी सभी नदियों को छलनी कर पड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। ग्रामीण अंचल की सड़कों सहित नगरी क्षेत्र की सड़कों पर रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत का परिवहन करते हुए स्पष्ट तौर पर देखे जा सकते हैं जिन पर कार्यवाही करने से शासन प्रशासन भी पूरी तरह परहेज करता नजर आ रहा है ऐसे में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है और वह बड़े पैमाने पर क्षेत्र की नदियों को अपना निशाना बनाकर अवैध

### कट्टा और पेंच नदी रेत माफियाओं के निशाने पर

क्षेत्र में हर छोटे नदी नाले से अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन बड़े पैमाने पर लगातार हो रहा है किंतु मुख्य तौर पर कट्टा नदी और पेंच नदी रिछेड़ा मड़ुआ से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन दो नदियों को रेत माफियाओं ने अपने निशाने पर रखा है जहां पर दर्जनों ट्रैक्टर सुबह से शाम तक भरे जा रहे हैं और अवैध रेट निकालकर परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीण सहित नगरी क्षेत्र के नागरिकों ने भी शासन प्रशासन से इस अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है किंतु शासन प्रशासन रेत माफियाओं पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए हुए हैं और इन पर कार्यवाही करने से लगातार परहेज कर रहा है जिससे स्पष्ट तौर पर सांठगांठ की बू आ रही है।



### सुबह से देर रात्रि तक सड़कों पर दौड़ते हैं अवैध रेत के वाहन

क्षेत्र की सड़कों पर अवैध रेत से भरे हुए वाहन धड़ल्ले से दौड़ते नजर आ रहे हैं। रेत माफिया अल सुबह से देर रात्रि तक वैध का परिवहन करते हुए मुख्य सड़कों पर नजर आ रहे हैं जिन पर कार्यवाही करने से शासन प्रशासन पूरी तरह नतमस्तक है। ऐसे में रेत माफियाओं के साथ शासन प्रशासन की मिलीभगत होने की ओर भी साफ इशारा दिखाई दे रहा है। रेत माफियाओं के देर रात्रि तक परिवहन के चलते ग्रामीण अंचल के ग्रामीणों की नींद भी खराब हो रही है मुख्य तौर पर कट्टा नदी और पेंच नदी की रेत का अवैध परिवहन बड़े पैमाने पर जारी है। ट्रैक्टर के शोर शराबे के चलते ग्रामीण और नगरी क्षेत्र के लोग कहां से परेशान हो रहे हैं।

### बिना लाइसेंस के अवैध रेत परिवहन करते नजर आ रहे चालक

अवैध रेत का परिवहन करने वाले अधिकतर वाहन चालकों के पास लाइसेंस ही नहीं है ऐसे में बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से ट्रैक्टर ट्रालियों को दौड़ाना और खुद की एवं आम जनों की जान को मुश्किल में डालने वाले इन रेत माफिया और वाहन चालकों पर कब कार्यवाही होगी इसका इंतजार आम जनमानस कर रहा है फिलहाल ऐसे वाहन चालकों के चलते क्षेत्र में हादसे भी बड़े हैं जहां पर अवैध रेत का परिवहन करने वाले वाहन चालकों को असमय ही काल के गाल में समान पड़ा है। बीते दिनों एक रेत खाली कर कर जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौका स्थल पर ही मौत हो गई थी वहीं जांच पड़ताल के बाद चालक के पास लाइसेंस नहीं पाया गया था इससे भी यह पता चल रहा है की कार्यवाही करने वाले किस कदर इस रेत के अवैध व्यापार में लिप्त है।

### जेसीबी मशीन पर जब्ती की कार्रवाई हो, पर्यावरण प्रेमियों की मांग

# छात्रावास निर्माण में बिना अनुमति पेड़ उखाड़ने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई से क्यों हिचक रहा प्रशासन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को दृष्टिगत रखते हुए! पूरे भारत में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया ! और इसके अंतर्गत अधिकारी कर्मचारी नागरिक ग्रामीण सभी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें! और पर्यावरण को बढ़ावा मिले इसी उद्देश्य को लेकर यहअभियान चलाया गया था! लेकिन तामिया तहसील मै इस अभियान की कितनी अनदेखी की जाती है! वह पूरे भारत वर्ष में कम ही देखने मिलेगी? और इस अभियान के उलट यहां के जंगलों एवं राजस्व की भूमि में लगे पेड़ काटे जाने का सिलसिला अंतहीन है! लेकिन जब जिम्मेदार पेड़ काटने के बजाय उखाड़ने जैसा कृत्य करें तो समझा जा सकता है! कि एक पेड़ मां के नाम अभियान की तामिया में कितनी दुर्दशा हो रही है! ऐसा ही गंभीर मामला बालक उत्कृष्ट छात्रावास बनाने वाले ठेकेदार द्वारा गंभीर मामला सामने आया है!की सहायक आयुक्त के पत्र क्रमांक 1998 दिनांक 15/ 4 को ग्राम पंचायत तामिया को उत्कृष्ट बालक छात्रावास निर्माण भूमि में आ रहे पेड़ों को काटने संबंधित लिखा गया था! इससे सिद्ध होता है! कि इस निर्माण स्थल पर हरे भरे पेड़ स्थापित है! काटे जाने की प्रक्रिया हेतु ग्राम पंचायत तामिया को पत्र व्यवहार किया गया ! लेकिन ठेकेदार ने ग्राम पंचायत की अनापत्ति एवं जनजाति विभाग के अधिकारियों के निर्देशों का खुला उल्लंघन ठेकेदार द्वारा किया गया है! जिसमें उन्होंने सात पेड़ जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 28 डीबी 0828 से उखाड़ कर अपने ही अधिकारियों एवं पर्यावरण की खिलाफत की है! लेकिन हरिभूमि द्वारा लगातार समाचार प्रकाशित किया जा रहा है! कि ठेकेदार ने अधिकारियों निर्देश के बावजूद पर्यावरण को हानि पहुंचाई है! लेकिन ठेकेदार के खिलाफ अधिकारी कोई कार्रवाई करने के लिए अपने आप को सक्षम साबित नहीं कर पा रहे हैं! इससे साबित हो सकता है!कि ठेकेदार शासन प्रशासन एवं प्रधानमंत्री की एक पेड़ मां के नाम योजना से अपने आप को ऊपर मान बैठे है! और उन्होंने जेसीबी से पेड़ उखाड़ कर नदी में फेंक दिए? जो पड़े हुए देखे जा सकते हैं! जबकि होना यह चाहिए कि ठेकेदार के खिलाफ पेड़ उखाड़े जाने का प्रकरण दर्ज हो?एवं उसके द्वारा पेड़ उखाड़ने में जो जेसीबी मशीन उपयोग की गई है!उसे जप्त किया जाए? जिससे लोगों को सबक मिले कि पर्यावरण से खिलवाड़ करना आसान नहीं है! लेकिन देखने में साफ आ रहा है! कि ठेकेदार का रसूख किसी तरह की कार्रवाई करने अधिकारियों को इजाजत नहीं देता है! जिसकी मिसाल पत्र व्यवहार के बाद उखाड़े गए पेड़ गवाही दे रहे हैं!अब देखना यह है!कि ठेकेदार की जेसीबी मशीन जो पेड़ उखड़ने में उपयोग की गई? वह कब जप्त करेंगे या ठेकेदार पर अधिकारी पर्यावरण की हानी करने के बावजूद भी मेहरबान बने रहेंगे।

# नलजल योजना को धता बता रहे हैंडपंप से पानी भरते बच्चे और ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गर्मियों में लोगों को पानी के लिए तरसना न पड़े , दूर - दूर से पानी न लाना पड़े , इसके लिए शासन ने नलजल योजना शुरू की । जिसके तहत लोगों के घरों में नल कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया , लेकिन परासिया के पगारा बेल्ट से लगे ग्रामीण और बच्चे हैंडपंपों से पानी ढोकर , नलजल योजना को धता बता रहे हैं ।ग्रामीण अंचलों में पानी की किल्लत कई बरसों बसे जस की तस है । इस किल्लत से राहत दिलाने डेम , चैकडेम , तालाब , बोर आदि के कार्य निरंतर जारी है । इसके अलावा नलजल योजना , जल जीवन मिशन जैसे प्रोजेक्ट चालू रहने के बाद भी परासिया जनपद के पगारा बेल्ट से जुड़े ग्राम जामुनबर्रा , शैलाखेड़ा , कोहका , दमुआ , धमनिया में ग्रामीण इस भीषण गर्मी में उन हैंडपंपों के सहारे जिनमें नाम मात्र का फ्लोराइड और मटमैला पानी आ रहा है , जबकि इन क्षेत्रों में नलजल योजना गर्मी लगने से पहले ही शुरू हो जाना था । ग्राम पंचायत दमुआ वार्ड 14 की बुजुर्ग महिला कमलवती ने बताया , कि उनके गांव में पानी की विकराल समस्या है । उन्हे अपने घर से आधा किमी दूर चलकर हैंडपंप से पानी ले जाना पड़ता है । क ई बार हैंडपंप में भी पानी नहीं आता तो सुदूर क्षेत्रों में स्थित जल स्त्रोतों से पानी लाना होता है । उन्होंने यह भी बताया की यहां अभी तक नलजल योजना शुरू नहीं हुई है ।

# श्रीकृष्ण ने लिया अवतार, गोकुल में मना उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत खापास्वामी के ग्राम भुतहा छावड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भागवत आचार्य पंडित रोहितानंद शास्त्री द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई। भागवत आचार्य द्वारा बताया गया कि द्वापर युग में कंस के अत्याचार बढ़ रहे थे ऐसे में संसार को कंस जैसे आततायी राक्षस से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने बाल रूप में माता देवकी की कोख से जन्म लिया काल कोठरी अद्भुत प्रकाश पुंज के बीच भगवान श्री कृष्ण का जन्म होता है जहां पर उनके माता-पिता के पैरों की बेड़िया अपने आप खुल जाती है। इसके बाद उफनती जमुना नदी को पार कर वासुदेव श्री कृष्ण को गोकुल में पहुंच कर आते हैं इसके बाद गोकुल में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संगीतमय भागवत कथा के दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण के जन्म में जमकर झूमे इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथा का वाचन प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 तक किया जा रहा है। कथा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। कथा आयोजक ग्राम पंचायत भुतहा छावड़ी ने समस्त श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स ग्रैपलिंग स्पर्धा में स्वस्ति जैन को सिल्वर मेडल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

संत चावरा नेशनल एकादमी चांदामेटा जिला छिंदवाडा की कक्षा आठवीं की छात्रा स्वस्ति जैन ने इंदौर में आयोजित राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स ग्रैपलिंग स्पर्धा में सिल्वर मेडल प्राप्त किया । इनका चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है।वहीं राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली संत चावरा नेशनल अकादमी चंदामेटा कि अनिष्का जायसवाल, कक्षा चौथी , रजत पदक जीतने वाली समृद्धि चौहान, कक्षा चौथी , स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्य जयसिंघानी , कक्षा पांचवी ने संस्था और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है ।

# धम्म प्रचारक बनने के लिए ऋतुर में हो रहा है प्रशिक्षण शिविर

**सौंसर।** बुद्ध धम्म प्रचार समिती की ओर से रिधोरां के बुद्धिस्ट सेमिनरी में प्रशिक्षण शिबिर का आयोजन किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार 4 मई से 11 मई चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में तथागत बुद्ध सम्राट अशोक छत्रपति शिवाजी महाराज महात्मा ज्योतिबा फुले डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने, धम्म प्रचारक तैयार करने के उद्देश्य को लेकर वरिष्ठ वक्ताओं के द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है, प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ किया गया,बुद्ध धर्म प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे ने बताया की समिति के माध्यम से बुद्ध धम्म के प्रचार प्रसार को लेकर वर्ष भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इसी श्रेणी बुद्ध धम्म और भारतीय संविधान के प्रचार प्रसार के यि प्रशिक्षित महलि पुरूष प्रचारक तैयार करने के उद्देश्य को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर के दौरान संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षाभूमि पर बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर 22 प्रतिज्ञा देते हुए संपूर्ण भारत को बौद्ध में बनाने का संकल्प दिलाया गया था इस संकल्प लेकर समिति के द्वारा कार्य किया जा रहा है इस दौरान समिति प्रमुख के. सोमकुँवर,मोरेश्वर रंगारे,अशोक कड़बे,रेखा शेंडे, माया ढुफारे के अलावा बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं अंबेडकर अनुयायी उपस्थित थे।

# शुभम प्रदेश, अर्पण-मिताली जिले की टॉप टेन सूची में शामिल

### दसवीं के आयुष और गायत्री जिले में तीसरे स्थान पर, चारू प्रदेश की सूची में शामिल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** एमपी बोर्ड यानी मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार की सुबह एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी कर दिए है. इन दोनों ही परीक्षाओं में हर बार की तरह कटंगी के विद्यार्थियों ने प्रदेश से लेकर जिले की प्रावीण्य सूची में अपनी जगह बनाई है. कटंगी के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इन दोनों ही परीक्षाओं में शानदार सफलता अर्जित की है. कटंगी नगर के सीएम राइज स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र शुभम नागेश्वर ने जीव विज्ञान संकाय में शानदार अंक अर्जित कर प्रदेश की सूची में दसवां स्थान हासिल किया है. शुभम के पिता किसान है. वहीं गणित संकाय में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर मिताली मुनेश छिपेश्वर ने जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है. मिताली एक प्राइवेट स्कूल की छात्रा है. मिताली के पिता मनेश छिपेश्वर और माता वत्सला छिपेश्वर दोनों ही पेशे से शासकीय शिक्षक है मिताली के दादा अमीरचद छिपेश्वर जिले के प्रसिद्ध प्रबोधनकार है. मिताली की सफलता पर परिजन काफी उत्साहित है. बता दें कि मिताली ने दसवीं कक्षा में शानदार अंक अर्जित किए थे. सीएम राइस स्कूल के छात्र अर्पण पिता राजेश गड़पाल ने कला संकाय से जिले में पहला स्थान हासिल किया है. अर्पण के पिता एसडीएम कार्यालय में पदस्थ है. अर्पण सिविल सेवा में जाना चाहते है. कक्षा 12 वीं में शानदार अंकों से परीक्षा पास करने वाले इन विद्यार्थियों ने अपने भविष्य को लेकर कई तरह के सपने संजोकर रखे है. अर्पण सिविल सेवा और मिताली आईआईटी के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते है।

### मृतिका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप

# जुड़वा बच्चों की मां की संदेहास्पद परिस्थिति में हुई मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सेलवा की निवासी दो जुड़वा बच्चों की मां नवविवाहिता महिला की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है. महिला के ससुराल ग्राम बबरिया थाना लालबर्रा में 01 मई को महिला की मौत हुई है. 02 मई को महिला के शव का पीएम कर शव को परिजनों के सुपुर्द करने के बाद मृतिका का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है. अब मृतक महिला के मायके पक्ष के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर महिला की गला दबाकर हत्या करने का कथित आरोप लगाया है. महिला के माता-पिता और बड़े पिता ने 06 मई मंगलवार को चर्चा करते हुए यह आरोप लगाया कि बेटी को मानसिक-शारीरिक रुप से प्रताड़ति किया जाता था. 01 मई को गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई. ससुराल पक्ष के लोग महिला का पति, सास और अन्य परिजन बेटी की मौत का अलग-अलग कारण बता रहे थे जबकि उनकी बेटी के गले में निशान और गाल पर मारपीट के निशान है. मायके पक्ष ने पुलिस की आरंभिक कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई है. उनका कहना है कि घटना के 05 दिन बार भी मायके पक्ष के परिजनों का पुलिस ने कथन नहीं ली है।

**03 वर्ष पहले हुआ था विवाह:** मृतक महिला रोशनी के पिता लालचंद नागेश्वर ने बताया 03 वर्ष पहले बालाघाट जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बबरिया निवासी लुकेश पंचेश्वर के साथ उनकी बेटी का सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ था. विवाह के करीब 06 माह बाद से ही बेटी को प्रताड़ति किया जाने लगा था. बेटी लगातार शिकायत करती थी. ऐसे में परिजनों के साथ बैठक कर पूरे मामले को शांत किया गया था. बेटी की मौत के कुछ दिनों पहले ही एक बार फिर से पारिवारिक बैठक की गई थी. 01 मई की दोपहर ढाई बजे उन्हें बेटी की मौत की सूचना दी गई. वह उसी दिन शाम को करीब 05 बजे बबरिया पहुंचे तो बेटी के ससुराल वाले मौत किन कारणों से हुई यह साफ नहीं बता पा रहे थे. दामाद अटैक आने से मौत होना बता रहा था तो बेटी की सास गिरने की वजह से मौत होना बता रही थी जबकि परिवार के अन्य सदस्य कोई और बात बता रहे थे. ऐसे में जब बेटी के शव को देखा गया तो उसके गले में निशान थे. जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

**06 माह पूर्व हुए जुड़वा बच्चे:** रोशनी पंचेश्वर जिसकी मौत हो चुकी है उसके दो मासूम जुड़वा बच्चे है. जिनका 06 माह पूर्व ही जन्म हुआ है. इन बच्चों के जन्म के बाद भी बेटी को मानसिक और शारीरिक यातनाएं दी जा रही थी. रोशनी ने अपने माता-पिता को भी यह जानकारी दी थी. माता-पिता ने अपनी बेटी के साथ दामाद को समझाइश दी थी. इस समझाइश के बाद महिला की मौत की खबर परिवार को मिली. गौरतलब हो कि नवविवाहिता की मौत से जुड़ा मामला होने के कारण एसडीओपी इस मामले की जांच कर रहे है किंतु अन्य आवश्यक कार्य के चलते महिला की मौत से जुड़ी यह कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है।

# बालाघाट सीएससी संचालकों की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

आज सीएससी राज्य कार्यालय भोपाल से पधारे सीएससी राज्य प्रमुख श्री अतुलित जी राय सर द्वारा सीएससी वीएलई को सीएससी की विभिन्न्न सर्विसेज एवं नए आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, एवं समस्त सीएससी वीएलई की समस्याओं का निराकरण किया गया , साथ ही केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की संपूर्ण जानकारी स्टेट हेड महोदय द्वारा प्रदान की गई, साथ ही सीएससी के माध्यम से अन्य जनहितैषी सुविधाएं जैसे- आयुष्मान कार्ड, बिजली बिल, लोन बाजार, डिजीपे आधार कार्ड, बैंकिंग सेवाएं, बीमा सेवाएं, टेली लॉ सर्विस, डिजीपे सर्विस, ग्रामीण ई स्टोर, फार्मर रजिस्ट्री, ई केवाईसी आदि प्रकार की संचालित सेवाओं की संपूर्ण जानकारी एवं कार्य विधि के बारे में बताया गया। कार्यशाला में सीएससी सर्विसेस पर अच्छा कार्य करने वाले वीएलई को सर्टिफिकेट वितरण किए गए, राज्य कार्यालय से पधारे श्री सागर सर और SPM श्री संजय नागरिया सर द्वारा सभी वीएलई को इंश्योरेंस , लोन बाजार , ओलंपियाड एवं आधार यूसीएल कार्य के बारे में बताया गया।

### 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# कम खर्च और समय में होगा




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सिविल न्यायालय लांजी में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। फैमिली कोर्ट सहित सभी न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के मामलों का निपटारा होगा। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट व श्रीमान् सतीश शर्मा न्यायाधीश/ सचिव के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट एवं श्रीमान् प्रीतम शाह, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड, लांजी न्यायालय में दिनांक 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, सिविल, विद्युत अधिनियम, निगोशिएबल इस्टूमेंट एक्ट के अंतर्गत चेक बाउन्स प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, राजस्व मामले के प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन के अंतर्गत बैंक, विद्युत, नगरपालिका के जलध्सम्पत्ति कर वसूली प्रकरणों व चेक बाउन्स प्रीलिटिगेशन प्रकरण आदि का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा अपील की जाती है कि आप अपने न्यायालयीन प्रकरण या जलकर, सम्पत्तिकर, विद्युत बिल, बैंक रिकवरी संबंधी प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है, तो वह अपने अधिवक्ता/वकील के माध्यम से आपसी सुलह द्वारा दिनांक 10 मई 2025 को जिला न्यायालय/तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिये जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय लांजी के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### जान्हवी टिकेश्वर नें हाई स्कूल परीक्षा में पाया प्रदेश में 99 प्रतिशत के साथ छटवॉ एवं जिले में प्रथम

# साकेत पब्लिक स्कूल का 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 06 मई को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा ।

दसवी मे जान्हवी इंद्रकुमार टिकेश्वर ने 99 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, दिव्यांशी अरविन्द जाम्भुरकर 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, धानी गणेश अरमरकर 94.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्तकिया इसी क्रम में सुमित कुमार बोपचे 92.4 प्रतिशत, आरूषी बिरेश्वर सोनवाने 92.2 प्रतिशत, मानषी चुन्नीराम धारणे 91.4 प्रतिशत, खनक सिद्वार्थ गजभिये 91.4 प्रतिशत, आयूष उमेश लिल्हारे 89.4 प्रतिशत, शिवी रविशंकर भंडारकर 89 प्रतिशत, लीना ओमप्रकाश आसटकर 87.4 प्रतिशत, भविष्य दिनेश बावनकर 85.4 प्रतिशत, जेहान जहीर खान 84.6 प्रतिशत, दिया घनश्याम पारधी 83 प्रतिशत, सिमरन संतोष महिश्वरे 82.8 प्रतिशत, विनय संजय वैद्य 81.8 प्रतिशत, श्रेया कमलेश बनवारी 81.6 प्रतिशत, पराग हेमंत लटारे 81.2 प्रतिशत, अदिति अमोल आसटकर 81.2 प्रतिशत, तृप्ती धर्मभूषण बनोठे 78.8 प्रतिशत, ओम शिवप्रसाद रामटेक्कर 78.8 प्रतिशत, अनुराग हेमंत लटारे 78 प्रतिशत, योगेन्द्र यशवंतराव कालबेले 77.2 प्रतिशत, भारती तीर्थकुमार धनवले 77.2 प्रतिशत, भव्य अशोक कुमार कावरे 76.2 प्रतिशत, नुपूर राधेश्याम वाकडे 76 प्रतिशत, प्रिया प्रकाशचंद भटेरे 75.6 प्रतिशत, तेजस संजय मुरकुटे 75 प्रतिशत, दिव्यानी मुकेश मानकर 73.8 प्रतिशत, खुशी कपील आसटकर 73.4 प्रतिशत, पार्थ मोतीलाल बिसेन 72.6 प्रतिशत, लक्ष्य विवेक कबिरे 71.6 प्रतिशत, कशिश मनोज कचवाहे 71.6 प्रतिशत, समर्थ जितेन्द्र श्रीवास्तव 71.6 प्रतिशत,एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदशर्न दिया। बारहवी मे भूमी भागवत सुलाखे 90.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, ऐश्वर्य नीलकंठ गजभिये 88.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, मोहनिश ओमप्रकाश दखने 86.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में शिविक्षा दिलिप कुमार नेवारे 84.4 प्रतिशत, आरजू कमलेश पटले 84 प्रतिशत, त्रिवेणी राजेश मस्करे 83.8 प्रतिशत, रेवेन्द्र सुनील राहंगडाले 80.6 प्रतिशत, श्वेता पदमाकर बिल्हारे 80.2 प्रतिशत, प्रिया संतोष दुरूगकर 78.2 प्रतिशत, अभय संजय मुरकुटे 78.2 प्रतिशत, अभय भीमराज बाहेकर 77.4 प्रतिशत, निकिता रमेश कालबेले 75.2 प्रतिशत, प्रिंसी हेमेन्द्र पिपरे 75 प्रतिशत, अंशु रमेश रामटेक्कर 74.6 प्रतिशत, मेद्या भगवानदास दशरिया 74.2 प्रतिशत, अनुराग दिलिप बावनकर 73.4 प्रतिशत, धानी विवेक कबीरे 71 प्रतिशत, उषा यशवंतराव कालबेले 71 प्रतिशत, सानिया घनश्याम पारधी 70.4 प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफलता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडे, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित किया।



## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने आज यहां स्थानीय बैनगंगा नदी में श्रमदान कर नदी में जमा सिल्ट निकालकर जल बचाने का संदेश दिया। ज्ञातव्य है कि इस समय संपूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गति पकड़ रहा है। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जल का संचय और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह आमजनमान को दी जा रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति में जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ता इस अभियान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संपादित कर आम जनमानस में जल संरक्षण के उपायों पर संदेश दे रहे है। आज इसी कड़ी में यहां स्थानीय बैनगंगा नदी पर स्थित सिद्ध घाट पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इकट्ठे होकर एक घंटे श्रमदान कर नदी में जमा सिल्ट को निकालकर बाहर की तथा पानी बचाने हेतु शपथ लेकर जनजागरूकता रैली निकाली।

# बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों से संबंधित अधिकारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर



आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों से संबंधित अधिकारियों का एक-एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये हैं। साथ ही वन विभाग द्वारा निम्न गुणवत्ता से बंद कराई गई शिकायतों को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया है।

उन्होंने सी एवं डी रैंकिंग वाले विभागों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी पूर्ण निराकरण कराते हुए श्रेणी सुधार के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक जनजातीय कार्यविभाग के अधिकारियों को विभागीय आश्रमों एवं छात्रावासों में शतप्रतिशत एडमिशन के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने ग्रामवार आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन एवं एडमिशन के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रगति की समीक्षा कर शेष रहे हितग्राहियों से संपर्क कर शीघ्रातिशीघ्र ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं।

इसी तरह समग्र ई-केवायसी में प्रगति लाने के निर्देश सभी सीईओ जनपद एवं सीएमओ को दिया गया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने शासकीय विभागों में लागू ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने ई-ऑफिस में सक्रीय हुए विभागों को विभागीय कार्यवाही ई-ऑफिस में निर्धारित मापदंड अनुसार ही संपादित करने के निर्देश दिये हैं।

# दवाओं से ज्यादा असर दुआओं में होता है.. मातृ शक्ति संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आज सारा देश दुश्मन देश को सबक सिखाने की बातें कर रहा है ये जरूरी भी है आखिर कब तक हिंदुस्तान की जमीं बेगुनाहों के लहू से शर्मसार होंगी। लेकिन सवाल तो ये है की दुश्मन देश को सबक सिखाएगा कौन ??



कोई नेता, अभिनेता, अधिकारी या कोई कर्मचारी.. नहीं। बल्कि वो जवान जिसे कभी आपने ट्रेन में सीट नहीं दी, कभी आपने उसकी कोई मदद नहीं की, जिसे अपने कामों के लिए सरकारी दफ्तरों के चककर लगाने पड़ते हैं पर उसका कोई मददगार नहीं होता। वही एक सामान्य जवान आज देश की सुरक्षा में अपने देश के परिवारों के लिए सीमा पर सबसे आगे खड़ा है। अपने आप से सवाल कीजिये क्या इन जवानों के परिवार नहीं..??

ये भी किसी कोख के लाडले हैं, किसी मांग के सिंदूर हैं, किसी बचपन की छाया है तो किसी बहन के रक्षा सूत्र भी हैं। इनसे आपका कोई खून का रिश्ता भले ना हो पर एक सच्चे हिंदुस्तानी के लिए जवानों से एक आत्मीय, सम्मानीय, गौरानवीय रिश्ता तो है। अब ये देशवासी याद रखे की पूरा हिंदुस्तान जिस वेदना से गुजर रहा है उसमें मातृ शक्ति संगठन सभी से एक अपील करता की हम सब रोजाना अपनी पूजा,पाठ, प्रार्थना में इन जवानों के यशस्वी, विजयी, दीर्घायु होने की दुआ भी जरूर मांगे क्यूंकि दवाओं से ज्यादा असर दुआओं में होता है।

फिर देखिये हमारे देश के ये रण बांकुरे कैसे दुश्मन देश पर विजय पताका लहराकर सुरक्षित अपने घर वापसी करेंगे.. हम सब अपने कर्तव्यों से विमुख ना होकर इन सुरक्षा बलों की ताकत जरूर बनें।

## समाजसेवी शंकर मखीजा की अभिनव पहल

# गौ माता की प्यास बुझाने हेतु की पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रत्येक वर्ष गर्मी लगातार बढ़ते ही जा रही हैं इस भीषण गर्मी में पशु पक्षी और विशेष कर शहर में भ्रमण करने वाली गौ माता प्यास के मारे बेहाल होकर यहां वहां भटकती रहती हैं जिससे उनको प्राणो का संकट आ जाता है।

लगातार कई वर्षों से समाजसेवी शंकर मखीजा भैरोंगंज सिवनी द्वारा स्वयं के खर्च पर मानवता की सेवा करते हुए समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ पशु पक्षियों की प्यास को बुझाने के लिए जगह-जगह स्थान पर पानी के लिए सीमेंट के टैंक रखे जाते हैं एवं प्रतिदिन उनको भरे जाने का कार्य भी जिम्मेदारी से किया जाता है ताकि इस भीषण गर्मी में पशु



और पक्षी और गौ माता प्यास से बेहाल ना हो सके। ये पानी के टैंक छिडिया पलारी,सिंधी कॉलोनी,पलिस लाइन,स्टेडियम रोड,गोंडी मोहल्ला, परतापुर रोड,अंबिका चौक पर रखे गए हैं। गौ माता के पीने के पानी की सहजता के लिए रखे गए टांके के इस पुनीत कार्य में उनके साथी हर्ष नंदनवार और नीरज दुलानी का भी भरपूर सहयोग रहता हैं शंकर मखीजा के द्वारा किए गए इस इंसानियत पूर्ण कार्य के लिए उनकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

### सहारा वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चंद्र राय के निर्देशन में सोमवार 05 मई को सहारा वृद्धाश्रम सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री केशव कुमार गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना, की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उक्त शिविर में उपस्थित श्रीमती तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी निःशुल्क विधिक सहायता योजना, एसिड अटैक की जानकारी प्रदान की गई।

# अवैधानिक रूप से सिंचाई के लिए पानी लेना पाया जाने पर मोटर जप्त



हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन द्वारा नागरिक सुरक्षा संहिता अंतर्गत सिवनी शाखा नहर,वैनगंगा नदी तथा भीमगढ बांध से सिंचाई के लिए पानी लेना प्रतिबंधित किया गया है। शिकायत के आधार पर विगत मध्य रात्रि में तहसीलदार छपारा द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम मोहली में कृषक पीयूष भार्गव द्वारा अवैध रूप से डूब क्षेत्र से पंप द्वारा सिंचाई के लिए पानी लेना पाया जाने पर मौके पर मोटर जप्त की गई है।

### संतोष-रश्मि की बेटी दीपिका आई प्रथम

सिवनी। 10वीं 12वीं बोर्ड कक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। किसान की बेटी ने अपने स्कूल व गांव का नाम रौशन किया है। शासकीय हाई स्कूल कन्या खैरा पलारी में अध्यनरत कुमारी दीपिका तिवारी पिता संतोष, मां रश्मि तिवारी ने कक्षा दसवीं में सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 91% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### कुमारी दीपिका तिवारी, अनामिका तिवारी का सुयश

केवलारी। विकासखंड केवलारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया कला के गांव सांठई निवासी पिता सतीश तिवारी माता नेहा तिवारी की सुपुत्री अनामिका तिवारी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। छात्रा सीएम राइस स्कूल केवलारी में कक्षा दसवीं की छात्रा थी।

### अनामिका तिवारी,भक्ति चौधरी का सुयश,भक्ति चौधरी का सुयश

सिवनी। 10वीं 12वीं बोर्ड कक्षा का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें सीएम राइस स्कूल डूंडासिवनी में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्रा भक्ति चौधरी पिता अनिल चौधरी, मां गीता चौधरी निवासी लालपुर धारनाकला बरघाट की छात्रा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया।

### छात्र पीयूष ठाकुर का सुयश

सरकारी स्कूल के छात्र पीयूष ठाकुर पिता श्री निरंजन ठाकुर पुरानी बस्ती खैरा पलारी ने कक्षा 10 वीं में 98.6 प्रतिशत अंक लेकर मध्यप्रदेश में 8 वां स्थान प्राप्त किया है एवं जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### कु. भूमिका श्रीवात्री का सुयश

केवलारी- मध्यप्रदेश दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम मे नगर की प्राइवेट संस्था रामानुजन कान्वेंट में पढ़ने वाली भूमिका श्रीवात्री पिता हीरालाल श्रीवात्री,एवं माता श्रीमती लता श्रीवात्री केवलारी ने कक्षा दसवीं में 96% प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त कर परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया। कुमारी भूमिका से जब यह पूछा गया कि भविष्य में वह कौन सा विषय लेकर पढ़ेगी तो उसने बताया वह बायोलॉजी विषय लेकर डॉक्टर बनकर, गांव प्रदेश एवं देश की सेवा करना चाहती है।

# मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के संबंध में आयोजित हुई प्री-सिटिंग बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र राय के निर्देशानुसार दिनांक 10.05.2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु दिनांक 5.05.2025 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक द्वारा द्वारा आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित बीमा कंपनी व पक्षकारों के अधिवक्तागण के साथ ही बीमा कंपनी के अधिकारीगणों के साथ चर्चा की गई। उक्त बैठक में अधिवक्तागणों द्वारा अधिक से अधिक प्रकरणों के सहमतिपूर्ण निराकरण हेतु आश्वासन प्रदान किया। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी लक्ष्मण कुमार वर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी बलवीर सिंह धाकड़,विक्रम सिंह डावर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, अमरीश भारद्वाज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, अंशुल ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण ठाकुर मंगलसिंह,योगेश मिश्रा, श्रीमती कुसुम गौतम, महेन्द्र चंदेल आदि उपस्थित रहे।

### बबरिया रोड बारापत्थर मे हुई मारपीट की घटना के 6 आरोपियो को कोतवाली पुलिस ने पकडा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 24/04/25 को रात करीबन 11 बजे के आसपास अज्ञात तत्वो द्वारा एक राय होकर प्रार्थी राज ठाकुर की फर्चुनर कार को ओव्हर टेक कर रोककर उसमे बैठे समीर अग्रवाल, नीलम बघेल व राज ठाकुर के साथ अभद्रता करते हुए मां बहन की गंदी गदी गालिया देकर हाथ मुक्को से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अप. क्र 304/25 धारा 126(2),296,115(2), 351(2), 3 (5) बी.एन.एस.का कायम किया गया। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अति. पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली 'किशोर वामनकर द्वारा टीम गठित कर आये साक्ष्यो एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर 06 आरोपियो को गिरप्तार करने में सफलता हासिल की। शेष आरोपी जो घटना दिनांक से घर से फरार है जिनकी तलाश पतारसी जारी है। पकडे गये आरोपी 01. अजय उर्फ कृष्णकुमार पिता कृपाल सिंह उइके उम्र 23 साल निवासी शास्त्री वार्ड सिवनी, 02. कौशल पिता अमित कुमार कहार उम्र 28 साल निवासी ललमटिया अम्बेडकर वार्ड 03. राहुल पिता विजय धुर्वे उम्र 23 साल निवासी खटीकी मोहल्ला सिवनी 04. सोम पिता शिवकुमार सनकत उम्र 36 साल निवासी मंगलीपेठ सिवनी 05. वासू पिता अजय सनकत उम्र 24 साल निवासी अम्बेडकर वार्ड सिवनी 06. धनराज उर्फ डीजे पिता ध्रुव डहेरिया उम्र 25 साल निवासी साकार सिटी के पास मंगलीपेठ आरोपियो से जप्त वाहन - 01. एक एच.एफ. डीलक्स एम.पी. 28 एम.क्यू. 7232 02. एक एक्सिस एक्टिवा क्र. एम.पी. 22 जेड ई. 4702 सराहनीय कार्य :- थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा ।

### हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु दत्त शर्मा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे नंदोरा ग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही चलानी कार्यवाही के उपरांत वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरित किए गए एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों का पालन कर वे कैसे अपना जीवन सुरक्षित रख सकते है,

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्वयं की ओर से टी-शर्ट वितरण की किया घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोमवार, दिनांक 05/05/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 05 मई से 06 जून तक जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे नगर सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ हांकी मैदान मे किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे आपके करकमलों से सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन सहित अतिथियों का पौधे भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत आपके हस्ते 24 वीं राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तने वाले जिले के खिलाड़ियों को ट्राफियां प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार लगातार खेलों को बढ़ावा देने खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान कर रही है। आज से खेल शिविर प्रारंभ हो रहा है आप सभी पूरी मेहनत लगन के साथ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मे मन लगाकर खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय के छात्र ने प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया

### सीएम राइज नवीन नाम सांदीपनि विद्यालय केवलारी-के गणित संकाय के छात्र ओमप्रकाश राजपूत ने कक्षा 12 वीं वोर्ड मे प्रदेश मे 500 मेसे 483 अंक लेकर 96.6% लेकर नोंवा स्थान प्राप्त किया ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज प्रात 10 वजे मध्य प्रदेश के 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड



परीक्षा परिणाम घोषित किया।जिसमे लगातार द्वितीय बर्ष प्रदेश टाप सूची मे सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय ने सफलता हासिल किया।पिछले बर्ष मुनमुन राय ने प्रदेश मे सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया था। बर्ष 2024 मे आये परीक्षा परिणाम मे विद्यालय के छात्र ओमप्रकाश राजपूत ने प्रदेश मे नोवे स्थान प्राप्त कर नगर परिवार क्षेत्र को गौरांवित किया। सीएम राइज के छात्र का प्रदेश मे 12 वी बोर्ड परीक्षा परिणाम मे नोवे स्थान पर नाम आते ही जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे ने प्राचार्य ओर स्टाफ को तत्काल बधाई देकर छात्र को शुभकामना संदेश दिया।

संतोष राजपूत शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पाकरटोला माता श्री मति नेहा राजपुत ने अपने पुत्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये।सीएम राइज विद्यालय के समस्त शिक्षको को धन्यवाद दिया।छात्र ओमप्रकाश ने कहा कि मेरा सपना है यूपीएससी क्लीयर कर देश की सेवा करना है।सीएम राइज विद्यालय में उपास्तिथ प्राचार्य एल आर बछालिया, ए के अवस्थी उपप्राचार्य, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय, रफीक खान, पवन यादव पत्रकारो एवं परिवारजनो मे जयसिंह राजपूत, अमन राजपूत सहायक संचालक शिक्षा,श्रीमति शांति राजपूत एवं विद्यालय के शिक्षको ने ओमप्रकाश राजपूत को पुष्प गुच्छ देकर मिठाई खिला कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। सीएम राइज विद्यालय के कक्षा 12 वीं मे लगातार दो बर्ष से प्रदेश मे स्थान बनाया हुआ हैं।

# हर्षोल्लाह से मनाया गया संत शिरोमणि भूरा भगत जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

संत शिरोमणि भूरा भगत जन्मोत्सव 6 मई 2025 दिन मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रसन्नता उल्लास के पावन पर्व जन्मोत्सव पर कतिया समाज के पूज्यनीय संत और कतिया समाज के आराध्य देव भगवान शिव शंकर भोलेनाथ के परम भक्त संत शिरोमणि भूरा भगत जी का जन्मोत्सव वैशाख माह को सकल समाज द्वारा मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संत शिरोमणि भूरा भगत जन्मोत्सव संपूर्ण राज्य में मनाए जाने के साथ साथ घंसौर के



संत भूरा भगत धाम छीतापार में मनाया गया जिसमें सुबह 10बजे से संत भूरा भगत महाराज व भोलेनाथ की पूजन एवं संगीतमय आरती, वा उपस्थित उपस्थित वयोवृद्ध जनों एवं अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन एवं मां सरस्वती गणेश पूजन, 1बजे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, 4बजे सामाजिक जनों की उपस्थिति में विशाल शोभायात्रा ओर 6बजे से छीतापार ग्राम समिति के सौजन्य से भोजन प्रसाद एवं 7 बजे उध्वोधन एवं कार्यक्रम समापन किया गया जिसमें सभी स्वजातीय बंधू उपस्थित रहे। कतिया समाज ब्लॉक शाखा घंसौर समिति, कतिया समाज के गणमान्य स्वजन, समस्त समिति कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला कार्यकारिणी ने इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

# टीकाकरण एवं हज तरबियत केम्प सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ज़िला हज कमेटी सिवनी और सेंट्रल इंडिया खादिम उल हुज्जाज कमेटी सिवनी एवं हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को ज़िला सिवनी लगभग 75 आज़मीने हज को ज़िला चिकित्सालय में सुबह 9.30 से 10.30 तक टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ एवं तत्पश्चात रांयल लांन बड़ी ज्यारत जबलपुर रोड सिवनी में हज तरबियत केम्प आयोजित किया गया इस अवसर पर छिंदवाड़ा से तशरीफ़ लेकर आए मास्टर हज ट्रेनर अल्हाज मोहम्मद साबिर पटवारी साहब ने डिजीटल स्लाईड के दुवारा पड़ोसी ज़िले के भीआज़मीने हज को प्रशिक्षित किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हाजी मोहम्मद शब्बीर



वारसी, हाजी अब्दुल वाहिद समर , हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी,हादी अहमद ,हाजी अब्दुल मोईन खान, हाजी अब्दुल नईम खान,अकबर अली, हमीद भाई चूंड़ी वाले, हाजी मोहम्मद शफी, समीर कुरैशी, अफ़ज़ल अंसारी अनाम अंसारी, अब्दुल हमीद भाई रुई वाले ,हाजी मोहम्मद असलम पत्ते वाले ,डाक्टर एम आई मंसूरी, अब्दुल करीम खान/बाबा/नात ख़्वां असलम बाबा समय समय पर नाते रसूल पेश किया अंत में आज़मीने हज को हेल्थ कार्ड एवं दस्तार बांधकर इस्तकबाल किया गया और मक्का मुकरमा और मदीना मुनव्वरा में क़याम के दौरान मुल्क कि तरक्की अमन शांति और अराकीन मेम्बारान के सेहतमंद और रोशन मुस्तकबिल कि दुआ के कहा गया है मंच संचालन और आभार प्रकट अल्हाज मोहम्मद साबिर ख़ान ने किया ।

## जो बच्चे कलाओं में भाग नहीं लेते उनका विकास रूक जाता है: पाटिल

# ईएफए स्कूल के समर कैम्प में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया भाग

### कोई भी कार्य दिल और दिमाग से करने में सफलता मिलती है: सैयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जो बच्चें कलाओं में भाग नहीं लेते उनका विकास रूक जाता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए समर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसका छात्र/छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखाकरना उद्देश्य रहा है। छात्र जीवन में यह समय गोल्डन समय माना जाता है जो व्यक्ति इस समय का उपयोग करता है। उसे सफलता जरूर मिलती है तथा उसके लक्ष्य की पूर्ति होती है। उक्त उद्गार ईएफए ने. सु. चं. बो. शास. उ. मा. वि. सिवनी के समर कैम्प के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि आर.पी.पाटिल सहायक संचालक शिक्षा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि एम.के.सैयाम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिवनी ने कहा कि कार्य भी कार्य दिल और दिमाग से करने में सफलता जरूर मिलती है। इसलिए चाहे कार्य छोटा हो या बड़ा सभी को धैर्यपूर्वक करना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्रीमती जस्सी थॉमस जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं शैलेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे ने आयोजन में 64 विधाओं को लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर सिंह ठाकुर, प्रशिक्षक श्रीमती मानसी मन्दरेला, अशोक अकेला, दिलीप सनोड़िया, राजकुमार सनोड़िया, पवन सनोड़िया, पी.डी.नाग, संजय जैन, कार्यक्रम की सहायक मैनेजर श्रीमती अंजना राय, यशवन्त साहू, राजकिशोर दुबे, नंदकिशोर राहंगडाले, अभिलाष मिश्रा, अनिल पलवार, यदुराज उइके, रिचा ठाकुर, मो.साबिर खान, पूजा पाण्डेय, आरती पाण्डेय, समीना खान, फरजाना खाना, अकीला खान, अंजुला भलावी, निशा परते, आशा नागदेवे, नेहारानी साहू, रामेश्वर बिसेन, जयदीप बघेल सहित अनेक लोग उपस्थित हुए। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। वही जिन छात्र/छात्राओं ने चित्रकला, संगीत, रंगौली सहित अनेक विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होने भी अपने अनुभवों को कार्यक्रम के दौरान रखा।

### इस वर्ष कक्षा 10 वी में 17.03 प्रतिशत और कक्षा 12 में 10.31 प्रतिशत की परिणामों में हुई वृद्धि

# घोषित हुए हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिला शिक्षा कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार कक्षा 10वीं की कुल 19624 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 17283 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। इस प्रकार जिले का कक्षा 10 वीं का कुल परिणाम 88.07 प्रतिशत रहा। जिसमे बालक 82.26 प्रतिशत एवं बालिकाएं 90.42 प्रतिशत उत्तीर्ण हुई है। इसी तरह कक्षा 12वी में कुल 15768 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें से 12616 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये है। जिले का कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 80.01 प्रतिशत रहा।इसमें बालक 76.47 प्रतिशत और बालिकाएं 82.64 प्रतिशत उत्तीर्ण हुई। प्रदेश की मेरिट सूची में बालाघाट जिले के कक्षा दसवीं के 12 विद्यार्थी और कक्षा बाहरवीं कें कुल 05 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें गणित, कृषि, वाणिज्य संकाय में 01-01, एवं जीव विज्ञान संकाय में 02 विद्यार्थी मेरिट सूची में सम्मिलित है। गत वर्ष की तुलना में इस बार कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में 17.03 प्रतिशत तथा कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम में 10.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा बालाघाट जिला कक्षा दसवीं में पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान तथा कक्षा बारहवीं में 17वें स्थान पर काबिज रहा है।



### हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

माध्यमिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में कु. नितीशा देशमुख पिता महेन्द्र देशमुख एमसीएस उमावि बालाघाट 97.2 प्रतिशत प्राप्त कर गणित समूह में छटवा स्थान, कु.प्रेरणा नरसिंघानी पिता संतोष नरसिंघानी दादा बाडी जैन उमावि बालाघाट ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणिज्य समूह में दसवां स्थान, कु. फिजा खान पिता जाकिर खान शा.उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृषि समूह में चौथा स्थान, कु. सुभानी बहेतवार पिता रमेश बहेतवार शा.एमएलबी कन्या उमावि बालाघाट ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जीव विज्ञान समूह में नौवा स्थान और शुभम नागेश्वर पिता श्यामराज नागेश्वर सीएम स्कूल कटंगी ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जीव विज्ञान समूह में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

### हाईस्कूल परीक्षा 2025 में प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची कु. जान्हवी टिकेश्वर पिता इन्द्रकुमार टिकेश्वर साकेत पब्लिक स्कूल लांजी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छटवा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कु.हिमांशी नंदनवार पिता श्री योगेश कुमार नंदनवार आईडियल एकेडमी हाई स्कूल वारासिवनी 98.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में आठवां स्थान, कु. पाली डोंगरे पिता दीपक डोंगरे शा. हाईस्कूल खरखडी 98.6 प्रतिशत आठवां स्थान, सुमित बिसेन पिता सुरेन्द्र बिसेनशा. उमावि बालक उकवा 98.6 प्रतिशत आठवां स्थान, कु. पल्लवी कौशल पिता देवेन्द्र कौशल शा. हाईस्कूल कन्या हिर्री 98.4 प्रतिशत नौवां स्थान, कु. गौरी लिल्हारे पिता कपूरचंद लिल्हारे शा.हाईस्कूल रिसेवाडा 98.4 नौवां स्थान, कु. महिमा टेंभरे पिता रमाकांत टेंभरे चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल बैहर 98.4 प्रतिशत नौवां स्थान, कु.मोनिका बघेल पिता नुकेश कुमार बघेल आईडियल एकेडमी हाई स्कूल वारासिवनी 98.2 प्रतिशत नौवां स्थान, कु. चारू चौधरी पिता कुंजीलाल चौधरी श्री मां सांई पब्लिक स्कूल कटंगी 98.2 प्रतिशत दसवा स्थान, संदीप लिल्हारे पिता गोर्वधन लिल्हारे सरस्वती शिशु हाईस्कूल किरनापुर 98.2 प्रतिशत दसवा स्थान, करण कनौजे पिता रेखलाल कनौजे शा. उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट 98.2 प्रतिशत दसवा स्थान और हर्ष राहंगडाले पिता सुरेश राहंगडाले सीएम राइज बालाघाट ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवा स्थान प्राप्त किया है।

## जनसुनवाई में पहुंचे कुंवरलाल मसखरे ने खुद पर पेट्रोल डालकर किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में मंगलवार को कुंवरलाल मसखरे ने खुद पर पेट्रोल डालकर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कुंवरलाल को एसडीएम कोर्ट गई है।
कुंवरलाल मसखरे ने रनापुर एसडीएम और तहसीलदार पर बिना नोटिस दिए मकान तोड़ने का आरोप लगाया। पुलिस ने एक मई को किरनापुर क्षेत्र के वारा में राजस्व विभाग ने कुंवरलाल का मकान तोड़ा था। कुंवरलाल का कहना है कि अधिकारी उनके भाई बसंत मसखरे का मकान तोड़ने आए थे। लेकिन गलती से उनका मकान तोड़ दिया गया।
किरनापुर एसडीएम कार्तिक जे. जायसवाल ने बताया कि कुंवरलाल का कच्चा मकान सड़क से लगी शासकीय भूमि पर था। स्थानीय लोग लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे। मकान के कारण ग्रामवासियों को परेशानी हो रही थी।
एसडीएम गोपाल सोनी ने कहा कि आवेदक के पास पहले से एक पक्का मकान है। उनके एक भाई का अलग मकान है। दूसरे भाई को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। कुंवरलाल ने रिश्वत न देने पर मकान तोड़ने का आरोप लगाया है। बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी ने आवेदक से व्यक्तिगत चर्चा की। उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद आवेदक को पुलिस सुरक्षा में भेज दिया गया।

## पीएमश्री स्कूल बालाघाट में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ आयोजित

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में मंगलवार को किशोरावस्था कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सुश्री रोशनी टेंभरे परामर्शदाता बालाघाट द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। साथ ही किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तनों तथा उन परिवर्तनों को अपने अनुकूल बनाने के लिए छात्रों के साथ चर्चा की गई। इसके साथ ही संतुलित आहार तथा उसके अभाव में होने वाले नुकसान तथा बिमारियों का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। वहीं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि इसके 15 अप्रैल से 6 मई तक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. प्रमोद बिसेन एवं डॉ. सुनीता हेमंत राहंगडाले द्वारा विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए सलाह भी प्रदाय की गई।

### हैंडपंप की नहीं हो रही अच्छे से मरम्मत

## अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा बस स्टैंड कंजई का हैंडपंप, उगल रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बस स्टैंड कंजई में स्थित हैंडपंप न जाने कितने कंठो की प्यास बुझाता था लेकिन इन दिनों हैंड पंप अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है और दूषित पानी उगल रहा है बताया जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा ग्राम वासियों को दिखाने के लिए हैंड पंप की मरम्मत तो की जाती है लेकिन वह मात्र खानापूर्ति है.? आम जनता को एक दिन के अंतराल में नल जल योजना का पानी मिलता है ऐसे में हैंडपंप की दयनीय स्थिति आम जनता दुकानदारों और राहगीरों के के लिए परेशानी का सबक बन रही है कंजई बस्ती से लेकर आम राहगीर तक हैंड पंप से अपनी प्यास बुझाते हैं और दैनिक दिनचर्या मैं भी हैंडपंप बहुत उपयोग में आता है देखा जा रहा है कि विगत 10 से 15 दिवस से हैंड पंप दूषित पानी उगल रहा है जो



पीने योग्य नहीं है ग्राम में अधिकांश कुए एव जल स्त्रोत सूखने से पानी की किल्लत देखी जा रही है आपको बता देकी शासकीय संस्थानों में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया मैं आने वाले उपभोक्ता भी उक्त हैंडपंप से ही अपनी कंठो की प्यास बुझाते थे लेकिन इन गर्मी के दिनों में हैंड पंप की दयनीय स्थिति से आमजन पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आ रहे हैं संबंधित विभाग उक्त हैंड पंप की अच्छे से मरम्मत कराये ताकि आम जनता को पानी की किल्लत न हो।

### सीएमएचओ ने थाना प्रभारी से वैधानिक कार्यवाही की मांग की

# गैर मान्य प्रमाण पत्रों के आधार पर स्थापित क्लीनिक पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गैर मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र के आधार पर चिकित्सकीय क्लिनीक संचालित कर एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा व्यवसाय करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए सीएमएचओं डॉ. परेश उपलप ने नवेगांव थाना प्रभारी को आवेदन प्रस्तुत किया है। मामला जिले अंतर्गत ग्राम छोटी कुम्हारी (खैरी) का है। जहाँ अमृतलाल बिसाने द्वारा गैर मान्यता प्रमाण पत्र के आधार पर क्लीनिक संचालित कर चिकित्सा व्यवसाय किया जा रहा था। इसकी जांच के लिए सीएमएचओ डॉ.उपलप के निर्देशन में 22 अप्रैल को चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव करवते एवं डॉ. सुषमा गोयल के संयुक्त नेतृत्व में जाँच दल गठित कर अमृतलाल बिसाने के निज निवास पर संचालित क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां अमृतलाल बिसाने पिता श्री गुधराम बिसाने द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्रों के अनुसार पाया गया कि उन्होंने माह मार्च 2003 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल से हायर सकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कृषि विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण की है। साथ ही 2003 में ही अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल से माह फरवरी 2023 में एक वर्षीय प्राथमिक चिकित्सा उपचार की प्राप्त की है। इसके साथ ही अमृतलाल बिसाने द्वारा उनके निज निवास में संचालित दवाखाना मध्यप्रदेश उपचार्यागृह तथा रूजोपचार सबंधी स्थापनाए (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञप्ति) अधिनियम 1973 की धारा 4 की उपधारा 3 एवं नियम 1997 के नियम 5 एवं 6 के अधीन पंजीयकृत कराया।

समस्त जाँच प्रतिवेदन के बारे में पत्र के माध्यम से नवेगांव थाना प्रभारी को अवगत कराया गया। साथ ही अमृतलाल बिसाने द्वारा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त अर्हता प्राप्त किये बिना रोगियों का एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार कर अवैध रूप से चिकित्सा व्यावसाय कर मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 की धारा 24 का उल्लंघन किये जाने के कारण इनकी योग्यता तथा चिकित्सा व्यावसाय के संबंध में आवश्यक विवचेना कर समुचित वैद्यानिक कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा है। जांच के दौरान इनके क्लीनिक से बीपी अपरेट्स, स्टेथेस्कोप, ड्रेसिंग कॉटन,बैंडेज,सॉफ़्रामाइसिन मलहम, नेबुलाइजर के अलावा एक्जामिनेशन टेबल लगा हुआ पाया गया।

## शिविरों में भी आसानी से ले जा सकेगी एक्सरे मशीन

**बालाघाट।** जिले के ट्यूबर क्लोसिस रोगियों के लिए एक अच्छी खबर जिला अस्पताल से आयी है। यह खबर टीबी के मरीजों की अत्याधुनिक तरीके से जांच करने के सम्बंध में है। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ.प्रियवृत सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिले को अत्याधुनिक पोर्टेबल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई है। सीएमएचओ डॉ.परेश उपलप के दिशा निर्देश पर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ.नीलय जैन की उपस्थिति में जिले के समस्त एक्सरे टेक्निीशियन, रेटियोग्राफरों को अत्याधुनिक मशीन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीएमएचओ डॉ.उपलप ने मशीन की खासियत बताते हुए कहा कि यह एक्सरे मशीन पंचायत स्तर के एक दिवसीय शिविर तथा दुर्गम एवं मैदानी क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में संभावित टीबी मरीजों के परीक्षण के लिए आसानी से लेकर जा सकते हैं।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक पहुँचे बालाघाट



### मतदाता सूची पुनरीक्षण के सम्बंध में मुलाकात व संपर्क कर सकेंगे आम नागरिक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बालाघाट जिले के लिए श्री अमर सिंह चंदेल को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। बालाघाट आगमन के बाद उन्होंने जिले में चल रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यो का अवलोकन भी किया। तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार ने बताया कि प्रेक्षक श्री चंदेल ने 5 और 6 मई को बालाघाट व परसवाड़ा विधान सभा के विभिन्न मतदान केंद्रों सहित बीएलओ के मतदाता सूची के सम्बंध में जानकारी ली। प्रेक्षक श्री चंदेल सर्किट हॉउस कक्ष क्रमांक 1 में ठहरे हुए है। आम नागरिक मतदाता सूची व मतदान केंद्रों के सम्बंध में उनसे मुलाकात व संपर्क कर सकते है। उनसे मोबाइल नम्बर 9424932700 पर संपर्क किया जा सकता है।

इन केंद्रों का किया अवलोकन

प्रेक्षक श्री चंदेल ने 5 मई को ग्राम पंचायत भटेरा व खैरी में अवलोकन करते हुए परिवर्धन, विलोपन और संसोधन कार्यो के सम्बंध में जानकारी की। इसी तरह मंगलवार को ग्राम पंचायत कुम्हारी, मगरदर्रा और चरेगांव में भी इन कार्यो का अवलोकन किया।

# जनसुनवाई में 63 आवेदनो पर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जनसुनवाई में आये आवेदक की शिकायत पर एसडीएम श्री आरआर पांडे को प्रकरण की जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री मीना ने एरवाघाट के किसान उमेश कोल्ते को शिकायत पर गूगल मीट से जुड़े एसडीएम पांडे से प्रकरण के सम्बंध में जाना। साथ ही उन्होंने कहा कि कई वर्ष पहले बंटवारा किया गया है। इसके बावजूद अब तक बटांकन नही किया गया है। मामलें की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच कर शीघ्रता से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जनसुनवाई में 63 आवेदनो पर कलेक्टर मीना सहित जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ और एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने भी जनसुनवाई करते हुए सम्बंधित विभागों से जानकारी ली।

### लांजी बीईओ की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए

लांजी विकासखंड में मप्र शिक्षक संघ द्वारा जनसुनवाई में आवेदन कर शिक्षको की समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय को लांजी विकासखंड में बीईओ की नियुक्ति करने के निर्देश दिए है। संघ के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि 29 अप्रैल को बीईओ सेवानिवृत हुए है। इसके बाद से अब तक बीईओ की नियुक्ति नही हुई है। इस कारण शिक्षकों की कई समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

### विवादित मामलें में नामान्तरण कैसे हुआ होगी समीक्षा

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने इंदौर में रहने वाली सुनीता के आवेदन वारासिवनी एसडीएम श्री पांडे को तहसीलदार द्वारा दिये गए नामान्तरण की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि विवादित वसीयत होने के बाद भी कैसे आदेश हुआ है। एसडीएम को लोवर कोर्ट के आदेश को भी निरस्त किया जा सकता है। कलेक्टर श्री मीना ने आवेदिका से कहा कि अब मामला सिविल कोर्ट से ही सम्भव है। मामला सुनीता पिता स्व.इशूलाल पति दीपक तिवारी का है, जिसमें ग्राम मंगेझरी व वारा के विभिन्न खसरे पर स्थित भूमि से जुड़ा है। उनके पिता की मृत्यु के बाद आवेदिका के भाई ने फर्जी व कूटरचित तरीके से वसीयतनामा के आधार पर पक्का मकान भाई ने अपने नाम पर करा लिया।

## ग्राम बघोली में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बघोली में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड देवांश यादव की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने विधिक जागरूकता शिविर को आयोजित करने के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने आगामी 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणजन को भूमि के सीमांकन और इससे जुड़ी कानूनी पहलुओं के बारे में बताकर जागरूक किया जाकर भूमि संबंधी विवादों में कमी लाई जा सकती है। लोगों को भूमि सीमांकन के महत्व, प्रक्रियाओं एवं इससे जुड़े कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया, जिससे भूमि विवादों से बचा जा सके।

# नपा अध्यक्ष को लेकर मचा घमासान



### पार्षदों ने विधायक को भी सुना दी खरी-खोटी, पार्षद बोले हम ही चुनेगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर करीब 04 माह से अस्वस्थ्य है. जिस वजह से परिषद की बैठक नहीं हो पा रही है और शहर में विकास कार्य प्रभावित हो रहे है. नगर परिषद कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रही है. वहीं अध्यक्ष के स्थान पर बीते तीन माह में नियमानुसार उपाध्यक्ष को भी कार्यभार नहीं सौंपा गया. ऐसे में परिषद के 12 पार्षदों ने अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए धारा 57 के तहत मंगलवार को विशेष सम्मेलन आयोजित करवाया. इस सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में बुलाए गए. विशेष सम्मेलन में नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष के स्वास्थ्य संबंधी और धारा 48 पर विचार और निर्णय किया जाना था इस प्रमुख विषय के अलावा अन्य 07 विषयों पर चर्चा होनी थी. सीएमओ यह सम्मेलन उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में करवाना चाह रहे थे जिसका पार्षदों ने खुलकर विरोध किया उन्होंने कहा कि आज की बैठक का अध्यक्ष पार्षदों के द्वारा सर्वसम्मति से चुना जाएगा क्योंकि यह बैठक पार्षदों के आवेदन पर नगर परिषद सीएमओ ने धारा 57 के तहत बुलाई है. बैठक की सूचना पत्र में कहीं भी उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक होगी इस बात का कहीं कोई जिक्र नहीं है. पार्षदों के विरोध के बाद नगर परिषद में काफी देर तक गहमा-गहमी का माहौल बना रहा. विधायक बार-बार सीएमओ का पक्ष लेते हुए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आज की बैठक संपन्न कराने के लिए पार्षदों को समझाइश देने की कोशिश करते नजर आए लेकिन कांग्रेस पार्षदों ने विधायक को भी खरी-खोटी सुना दी और बोले की आप शांत रहिए. जिसके बाद विधायक कुछ देर बैठक में उपस्थित रहे और फिर बैठक को छोड़कर चले गए. वहीं बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा यह तय नहीं हो पाने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया. बैठक में पार्षद गायत्री ठाकरे, सुनीता टेम्भरे, मितेश कुमरे, कपिल मेश्राम, अर्पणा राउत, धर्मकला देशमुख, अतीक अंसारी, सिम्मी सोनपुरे, महेन्द्र कटारिया, मनीष चौकसे, सुनीता नागमोते, मनीषा यादव, संजय चौकसे उपस्थित रहे।

नगर परिषद कटंगी में यह पूरा विवाद अध्यक्ष के रिक्त पद को लेकर है. अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर करीब 04 माह से अस्वस्थ्य है. उनके अस्वस्थ होने की जानकारी सभी पार्षदों से लेकर सीएमओ और विधायक गौरव सिंह पारधी को भी थी. मगर, नगर परिषद कटंगी सीएमओ ने नगरीय प्रशासन को समय रहते अध्यक्ष के अस्वस्थ्य होने की जानकारी नहीं दी. वहीं नियमानुसार उपाध्यक्ष को भी समय रहते अध्यक्ष का पदभार नहीं दिया गया. उपाध्यक्ष को अध्यक्ष का पदभार नहीं दिए जाने के पीछे जो कारण सुनने में आता है. वह बेहद दिलचस्प है चर्चा है कि विधायक गौरव सिंह पारधी नगर परिषद उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख के पति कामराज देशमुख को पसंद नहीं करते थे. जिस वजह से उन्होंने सीएमओ पर दबाव बनाकर उपाध्यक्ष को अध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं लेने दी. यहां तक राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के दिन परिषद के अस्तित्व में होते हुए सीएमओ ने झंडा फहरा दिया. परिषद की उपाध्यक्ष और कुछ पार्षदों ने इसकी निंदा करते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी लेकिन शिकायत के बाद भी सीएमओ पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही विधायक ने इस बात की खुली आलोचना की कि परिषद के रहते हुए सीएमओ ने कैसे झंडा फहरा दिया. यानी विधायक अप्रत्यक्ष तौर पर सीएमओ के ऐसा करने में समर्थन कर रहे थे. मगर, आज स्थिति उलट हो गई है विधायक उपाध्यक्ष को अध्यक्ष का पदभार दिए जाने का समर्थन कर रहे है लेकिन भाजपा सहित कांग्रेस पार्षद भी विधायक के इस फैसले से असंतुष्ट है वह निर्वाचन के जरिए अपना अध्यक्ष चुनना चाहते है।

पार्षदों ने अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग करते हुए विशेष सम्मेलन बुलवाने के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया था. यह सम्मेलन आज होना था जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष से करवाई जा रही थी. हम पार्षदों ने इसका विरोध किया क्योंकि तीन माह से अध्यक्ष का पद खाली होने के बाद भी उपाध्यक्ष का कार्यभार नहीं सौंपा गया अब अचानक से ऐसा करना उचित नहीं लगा. विधायक पार्षदों को समझा रहे है. हम तो केवल इतना चाहते है कि विशेष सम्मेलन की अध्यक्षता पार्षदों के बीच में से चुना हुआ पार्षद ही करें।

### कसक पटले ने जिले की प्रावीण्य सूची में पाया प्रथम स्थान, छात्रा हिमाशी व कसक का विधायक ने किया सम्मान

# प्रदेश की कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में आईडियल एकेडमी की हिमांशी ने आठवॉ व मोनिका ने दसवॉ स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा मंडल के सत्र 2024-25 का कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिसमें कक्षा 10 वीं में सिंगरौली की छात्रा प्रज्ञा जायसवाल ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेश की कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में बालाघाट जिले के वारासिवनी के आईडियल एकेडमी की कक्षा 10 वीं की छात्रा हिमांशी पिता योगेश नंदनवार ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर आठवॉ स्थान और मोनिका बघेल ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर 10 वॉ स्थान हासिल किया हैं। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा कसक पटले ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर बालाघाट जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने इन विद्यार्थियों का अपने जनसंपर्क कार्यालय में भव्य अभिनंदन किया। उन्होंने इन विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा करवाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जब भी उन्हें पढ़ाई में किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी, वह हर संभव मदद करेगे।



मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवॉ स्थान प्राप्त करने वाली आइडियल एकेडमी स्कूल की छात्रा हिमांशी नंदनवार ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अगर मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। मुझे जब भी पढ़ाई का समय मिलता था, मैं पढ़ाई करती थीं। पढ़ाई के साथ-साथ मैं अपनी माता के साथ घर का अन्य काम भी करती हूॅ। मैंने अपने शिक्षक के गाइड लाइन के अनुसार ही पढ़ाई की। मैंने कोचिंग भी नहीं किया, भविष्य में इंजीनियर बन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करोगी। उन्होंने कहा कि वह 11 वीं में गणित विषय लेकर पढ़ाई करेगी।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि उन सभी छात्र-छात्राओं को बधाई, जिन्होंने अच्छी पढाई करके अपने प्रदेश व माता-पिता का नाम रोशन किया हैं। वारासिवनी की छात्रा हिमाशी नंदनवार ने प्रदेश में आठवॉ, मोनिका बघेल ने 10 वॉ और कसक पटले ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया हैं। मैंने हमेशा ही कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता शिक्षा और चिकित्सा हैं। विधायक बनने के बाद हमारा ज्यादा ध्यान शिक्षा की ओर है और बच्चों को सफलता भी मिल रही हैं। ये बहुत खुशी की बात हैं। हम उन सभी बच्चों व उनके माता-पिता और शिक्षक को भी बधाई देते हैं। जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ सभी का नाम रोशन किया हैं। हमारे बच्चों को जब भी कोई आर्थिक परेशानी होगी, हम उनके साथ खड़े हैं और हर संभव उनकी मदद करेंगे।